बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं० सं० : 01 / भू०अ०नि० (6) भवन आधु० (बोधगया)– 31 / 2025 ....

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– ....

विषय : राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया (गया जी) के परिसर के टुटे हुए बाउंड्री के निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि कुल 21,54,700.00 (इक्कीस लाख चौवन हजार सात सौ) रूपये मात्र व्यय की स्वीकृति एवं प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

आदेश : **स्वीकृत।**

2. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया (गया जी) का विस्तारीकरण का कार्य भवन निर्माण विभाग के माध्यम से कराया गया है तथा वर्तमान में यह संस्थान कार्यकारी है। भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत गया–डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के क्रम में संस्थान के आगे का बाउॅड्री तोड़ा गया। संस्थान के सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से परिसर के टुटे हुए बाउंड्री के निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य महत्वपूर्ण है।

3. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया (गया जी) के परिसर के टुटे हुए बाउंड्री के निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग के भवन प्रमंडल, गया जी के माध्यम से कराया जायेगा। अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, गया जी के पत्रांक–773 (अनु0) दिनांक–13.06.2025 द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्रस्ताव पर प्रशासनिक स्वीकृति दी जा रही है।

4. राज्य योजना मद से राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया (गया जी) के परिसर के टुटे हुए बाउंड्री के निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य पर 21,54,700.00 (इक्कीस लाख चौवन हजार सात सौ) रूपये मात्र के व्यय की स्वीकृति प्राप्त है।

5. राशि का व्यय मुख्य शीर्ष – 4059 – लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय – उप मुख्यशीर्ष – 60 – अन्य भवन – लघुशीर्ष – 051 – निर्माण – उप शीर्ष – 0114 – डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन, माँग संख्या – 03, विपत्र कोड 03. 4059600510114, के अन्तर्गत विस्तृत एवं विषयशीर्ष 53–01 मद में वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपबंधित राशि से की जायेगी।

6. योजनान्तर्गत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

7. सभी निकासी जिला कोषागार, गया जी से की जायेगी। विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्राधिकृत होंगे। स्वीकृत राशि का व्यय पी0डब्लू0डी0 कोड बिहार वित्त नियमावली, बिहार कोषागार सहिंता एवं अन्य सुसंगत नियमों, परिपत्रों के आलोक में की जायेगी। किसी प्रकार की अनियमितता की जबावदेही निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

8. दिनांक 11.07.2025 को आयोजित विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

9. इस योजना के लिए कर्णांकित राशि के व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पर निदेशालय की संचिका संख्या 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31/2025 की टिप्पणी पृष्ठ 9/टि0 में दिनांक 11.07.2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी से प्राप्त पी0डी0 लेखा में स्वीकृत राशि उपलब्ध करायी जायेगी, इस हेतु आवंटनादेश अलग से निर्गत की जायेगी।

10. भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)–31/2025 के टिप्पणी पृष्ठ–11/टि0 दिनांक–11.07.25 पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(डॉ0 महेन्द्र पाल)
सरकार के अपर सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31/2025 .... **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31/2025 .... **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना/बजट शाखा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31/2025 .... **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : जिला कोषागार पदाधिकारी, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

e-Mail

ज्ञापांक : 01/ भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31/2025 .... **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : समाहर्त्ता/बन्दोबस्त पदाधिकारी, बोधगया/प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया (गया जी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

e-mail

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31 / 2025 .... **पटना, दिनांक** :

प्रतिलिपि : सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अपर सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (6) भवन आधु0 (बोधगया)– 31 / 2025 4039 **पटना, दिनांक** : 15/07/2025

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना / प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय तथा निदेशालय के बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

15/07/25

सरकार के अपर सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग